चूंकि, प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये अधोहस्ताक्षरी ने कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यहां नीचे वर्णित कर्जदार / सह-कर्जदारों को राशि या पुनर्भुगतान करने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया गया था, कर्जदार को और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पति के साथ कोई भी डीलिंग उस पर ब्याज सहित यहां नीचे वर्णितानुसार राशि के लिये आईआईएफएल एचएफएल की वसूली के अधीन होगी। "कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है, यदि कर्जदार बिक्री अथवा हस्तांतरण के लिये निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय सभी लागतों, हुये परिव्ययों और ब्याज सहित "आईआईएफएल एचएफएल" को देय भुगतान कर देता है, प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा बेचा अथवा हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण अथवा बिक्री हेतु "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।"

कर्जदार(रों)/ सह-कर्जदार(रों) का नाम	प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन	कुल बकाया देय (रू.)	डिमांड नोटिस की तिथि	कब्जे की तिथि
श्री रोहताश कुमार श्रीमती रोनिया (प्रोस्पैक्ट नं. IL10386470)	गांव अरनाये, तहसील पेहोवा, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा-136118 में स्थित खेवट नं. 227 किता 02 में से सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति प्रकार : Area_Admeasuring सम्पत्ति क्षेत्रफल : 816	रु. 660795/- (रुपये छह लाख साठ हजार सात सौ पचानवे केवल)	09-06-2026	12-10-2026
श्री प्रवीन कुमार श्री प्रेम चंद श्रीमती कुलविन्दर कौर (प्रोस्पैक्ट नं. IL10412697)	गांव बारिदपुर, तहसील थानेसर, जिला कुरुक्षेत्र-136118 में स्थित यूआईडी नं. 58532050100000R0157A सहित एक प्लॉट/मकान के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति प्रकार : Area_Admeasuring सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1016	रु. 446093/- (रुपये चार लाख छियालीस हजार तिरानवे केवल)	09-04-2026	12-10-2026

अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : करनाल – एससीओ 408, जीएफ, मुगल कैनाल, करनाल, हरियाणा-132001 अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।
स्थान : कुरुक्षेत्र, दिनांक : 15.10.2026 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनैंस लि.

पीएस सीएम के लिए कई नाम चर्चा में, पूर्व मंत्री की एंट्री की भी अटकलें

सीएमओ में जल्द होंगे बदलाव, प्रधान सचिव की नियुक्ति को लेकर चर्चाएं तेज

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा में मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) में जल्द ही नई नियुक्तियों और प्रशासनिक फेरबदल की संभावना जताई जा रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रधान सचिव अरुण गुप्ता के 30 सितंबर को से वा नि वृ त्त होने के बाद से इस पद पर नई नियुक्ति को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव पद के लिए कई नाम सामने आ रहे हैं। इनमें केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत हरियाणा कैडर के आईएएस अधिकारियों के नाम भी शामिल बताए जा रहे हैं। इसके अलावा सीएमओ में एक पूर्व मंत्री की भूमिका और मौजूदा व्यवस्था में कुछ बदलावों को लेकर भी चर्चाएं हैं। हालांकि, इन संभावित नियुक्तियों और बदलावों को लेकर अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। दूसरी ओर, हरियाणा विद्युत नियामक आयोग (एचईआरसी) के चेयरमैन पद पर भी जल्द नियुक्ति होने की संभावना है। इस पद के लिए सेवानिवृत्त और सेवानिवृत्ति के करीब पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों सहित विभिन्न क्षेत्रों के अनुभवी लोगों ने आवेदन किए हैं। वहीं, प्रदेश के गृह सचिव एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल को सेवानिवृत्ति तक प्रशासनिक सचिव की सभी शक्तियों का इस्तेमाल करने की विशेष छूट दी गई है। वहीं हरियाणा विद्युत नियामक आयोग के चेयरमैन एनएल शर्मा के निधन के बाद से यह पद खाली है। राज्य सरकार ने इस पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे। आवेदन की अंतिम तिथि पहले 30 सितंबर निर्धारित की गई थी, जिसे बढ़ाकर पांच अक्टूबर कर दिया गया था। सूत्रों के अनुसार, पद के लिए 80 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। पद के लिए कई लोगों के नाम चल रहे है।

■ अरुण गुप्ता के सेवानिवृत्त होने के बाद खाली है मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव का पद

गुप्ता को नई जिम्मेदारी मिलने की भी चर्चा

मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव रहे अरुण गुप्ता 30 सितंबर को सेवानिवृत्त हो गए थे। उन्हें एक वर्ष का सेवा विस्तार दिए जाने की संभावना जताई जा रही थी और इसके लिए प्रस्ताव भी भेजा गया था, लेकिन केंद्र से समय पर मंजूरी नहीं मिल सकी। अब उनके लिए किसी अन्य महत्वपूर्ण पद पर नियुक्ति की संभावनाओं पर चर्चा हो रही है। एचईआरसी चेयरमैन पद के लिए भी उनका नाम संभावित दावेदारों में बताया जा रहा है। हालांकि, इस संबंध में अभी कोई आधिकारिक निर्णय सामने नहीं आया है। प्रधान सचिव पद पर केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत हरियाणा कैडर के किसी आईएएस अधिकारी की वापसी की संभावना भी जताई जा रही है। प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की तरह अरुण गुप्ता को भी सेवा विस्तार मिलने की उम्मीद थी, लेकिन प्रस्ताव को मंजूरी नहीं मिल सकी। ऐसे में सीएमओ में नई नियुक्ति को लेकर प्रशासनिक हलकों में चर्चाएं तेज हैं।

सुधीर राजपाल को प्रशासनिक शक्तियों के इस्तेमाल की छूट

प्रदेश के गृह सचिव एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल 30 नवंबर को सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं। राज्य सरकार ने उन्हें सेवानिवृत्ति से पहले प्रशासनिक सचिवों की शक्तियां सीमित करने संबंधी प्रावधानों में छूट प्रदान की है। इसके तहत उन्हें 26 मई 2022 को जारी सरकारी निर्देशों से राहत दी गई है, ताकि वे निर्धारित अवधि तक प्रशासनिक सचिव की सभी शक्तियों का इस्तेमाल कर सकें।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता रैली निकाली



चंडीगढ़। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस को लेकर पंचकूला सेक्टर एक स्थित राजकीय कालेज में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पंचकूला की सीएमओ डॉक्टर मुक्ता कुमार और डायरेक्टर मेंटल हेल्थ डा. ब्रह्मदीप ने युवाओं को संदेश दिया साथ ही कहा कि जीवन में कभी भी हार नहीं माननी चाहिए, हर फील्ड में चुनौतियां पेश आती हैं। कई बार बड़े बड़े खिलाड़ी भी मैच हार जाते हैं, इसका मतलब यह नहीं है कि हम निराश हो जाएं बल्कि हिम्मत नहीं हारनी चाहिए। दोनों ही वक्ताओं ने युवाओं को नशे का सहारा नहीं लेने, गलत संगत में नहीं जाने व किसी भी तरह की परेशानी होने की सूरत में अपने परिवार अथवा समाज के बड़े लोगों से सलाह करने की शिक्षा दी। इसके बाद में एक वाकथन और जनजागरण रैली भी निकाली गई।

उत्तर रेलवे

ई–नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं आवंटन के लिए उनके लिए उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के लिए **IREPS** वेबसाइट पर ई–ऑक्शन के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

लॉट संख्या	विवरण	नीलामी प्रारंभ तिथि/ समय
ADVT-UMB-SASN-OH-389-26-1	स्थल योजना के अनुसार, अंबाला मंडल के मोहाली/ खरड़ खंड में समपार फाटकों/ आर. यू.बी./ एल. एच. एस. पर स्थित यूनिपोल/ होर्डिंग वाले 29 स्थलों का कुल विज्ञापन क्षेत्र 6346 वर्ग फुट है।	23.10.2026 12.00.00 hrs
ADVT-UMB-ABS-OH-390-26-1	स्थल योजना के अनुसार, अंबाला मंडल के बठिंडा–अबोहर खंड में समपार फाटकों/ आर. यू. बी./ एल. एच. एस. पर स्थित 04 स्थानों पर 04 साइटों, जिनमें यूनिपोल/ होर्डिंग शामिल है, का कुल विज्ञापन क्षेत्र 576 वर्ग फुट है।	26.10.2026 12.00.00 hrs
ADVT-UMB-LHA-OH-386-26-1	स्थल योजना के अनुसार, अंबाला मंडल के लहरागागा–गुरने खंड में समपार फाटकों/ आर. यू.बी./ एल. एच. एस. पर स्थित 04 स्थानों पर 08 साइटों, जिनमें यूनिपोल/ होर्डिंग शामिल हैं, का कुल विज्ञापन क्षेत्र 1440 वर्ग फुट है।	26.10.2026 12.00.00 hrs
ADVT-UMB-KARR-OH-388-26-1	स्थल योजना के अनुसार, अंबाला मंडल खरड़ फतेहगढ़ साहिब एवं खरड़ लाल

रोहतक
गुरुवार 15 अक्टूबर 2026
अश्विन मास शुक्ल पक्ष,
पंचमी वर्ष : 30, अंक : 252
पृष्ठ 16 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 35.3°C
न्यून. 18.5°C

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



5 रणजी ट्रॉफी : दिल्ली पर बंगाल भारी, शमी ने झटके 5 विकेट

खबर संक्षेप

टी20 रैंकिंग में शीर्ष 4 बल्लेबाजों में 3 भारतीय

नई दिल्ली। भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर आईसीसी की ताजा



टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में तीन स्थान की छलांग लगाकर करियर के सर्वश्रेष्ठ चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टी20 मुकाबले में शतक लगाने का उन्हें फायदा मिला है। शीर्ष चार बल्लेबाजों में अब तीन भारतीय शामिल हैं। ईशान किशन पहले और अभिषेक शर्मा दूसरे स्थान पर हैं, जबकि पाकिस्तान के कप्तान फरहान तीसरे नंबर पर काबिज हैं। *एजेंसी*

फ्लाइट में मोबिकिन्स पीबी-04 पावरबैंक बैन

नई दिल्ली। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इंडिगो



विमान में आग लगने की एक घटना के बाद मोबिकिन्स एमके-पीबी-04 पावरबैंक को भारत आने-जाने वाली और देश के भीतर संचालित होने वाली सभी उड़ानों में ले जाने या परिवहन करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। डीजीसीए प्रमुख वीर विक्रम यादव ने निर्देश दिया कि पावरबैंक मॉडल को न तो यात्रियों द्वारा विमान में लाया जाए और न ही कार्गो के रूप में परिवहन किया जाए। *एजेंसी*

खुदरा के बाद थोक महंगाई बढ़कर 11.39% पर पहुंची


नई दिल्ली। देश में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित



महंगाई दर सितंबर में बढ़कर 11.39% हो गई, जबकि अगस्त में यह 9.92% थी। महंगाई का दबाव अब सिर्फ रसोई तक सीमित नहीं है। खाने-पीने की चीजों से लेकर ईंधन और कारखानों में बनने वाले सामान तक की बढ़ती कीमतों ने थोक महंगाई को और ऊपर पहुंचा दिया है। खाद्य पदार्थों की महंगाई दर अगस्त के 7.05% से बढ़कर सितंबर में 8.66% हो गई। *एजेंसी*

ध्रुव राठी के खिलाफ मानहानि का केस

नई दिल्ली। यूट्यूबर ध्रुव राठी के खिलाफ दिल्ली की साकेत



कोर्ट में मानहानि का मुकदमा दायर किया गया है। सुप्रीम कोर्ट की एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड अमिता सचदेवा ने आरोप लगाया है कि ध्रुव राठी के एक वीडियो में भगवान राम और माता सीता को लेकर आपत्तिजनक दावे किए गए थे। याचिकाकर्ता ने कोर्ट से भविष्य में ऐसे वीडियो पर रोक लगाने और हर्जाना दिलाने की मांग की है। *एजेंसी*

जर्मनी में आग लगने से 3 भारतीयों की मौत

बर्लिन। जर्मनी के बोचुम शहर में बुधवार को एक रिहायशी इमारत में आग लगने से तीन भारतीयों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। मरने वालों में 25 और 27 साल की दो लड़कियां और 26 साल का एक लड़का शामिल था। फायरफाइटर्स को उनकी लाशें दूसरी मंजिल के एक अपार्टमेंट से मिलीं। घायल हुए पांच अन्य लोगों को धुएं के कारण सांस लेने में दिक्कत हुई और उन्हें बोचुम के अस्पतालों में ले जाया गया। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट्स में उनकी राष्ट्रीयता के बारे में नहीं बताया गया। *एजेंसी*

रेलवे कर्मचारियों को दीपावली का तोहफा, 78 दिन का बोनस मिलेगा

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने दिवाली से पहले रेलवे के करीब 11.40 लाख कर्मचारियों को 78 दिन का बोनस देने की मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के मुताबिक, इस पर करीब 2,009 करोड़ खर्च होंगे। बुधवार को कैबिनेट बैठक में यह फैसला लिया गया। इसके अलावा, सरकार ने तीन पेंशन योजनाओं से इंदिरा गांधी का नाम हटाकर उनमें प्रधानमंत्री शब्द जोड़ने का फैसला किया है। दिव्यांगों की पेंशन नियमों में भी बदलाव को मंजूरी दी गई है। इसके तहत अब दिव्यांगों को 18 साल की बजाय जन्म से पेंशन मिलेगी। कैबिनेट ने राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम को अगले पांच साल तक जारी रखने का फैसला भी लिया है।

11.40 लाख कर्मियों को 17,951 रुपये तक लाभ

रेलवे कर्मचारियों को मिलने वाले प्रोडक्टिविटी लिंक्ड बोनस (पीएलबी) की गणना के लिए अधिकतम मासिक वेतन सीमा 7,000 तय की गई है। इस आधार पर 78 दिन के बोनस की अधिकतम रकम 17,951 बनती है। यह अधिकतम गणना की रकम है। कर्मचारियों को मिलने वाला वास्तविक बोनस उनकी पात्रता और लागू नियमों के आधार पर अलग हो सकता है। रेलवे के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 में 1,670 मिलियन टन माल की ढुलाई की गई, जो उस साल का रिकॉर्ड था। इस दौरान रेलवे से करीब 7.41 अरब यात्रियों ने सफर किया।



■ 3 पेंशन योजनाओं से इंदिरा गांधी का नाम हटा

दिव्यांगता पात्रता सीमा 80% से घटाकर 40% की

नई व्यवस्था में पेंशन के लिए बेंचमार्क दिव्यांगता की सीमा 80% से घटाकर 40% कर दी गई है। इससे पात्रता की शर्तें पूरी करने वाले अधिक दिव्यांग लोग योजना के दायरे में आ सकेंगे।

पेंशन की दरें इस तरह होंगी

■ 0 से 79 साल की उम्रः 375 प्रति माह।
■ 80 साल या उससे अधिक उम्रः 625 प्रति माह।

नए नियमों के तहत पात्रता, लाभार्थियों की संख्या और पेंशन की रकम से जुड़ी जानकारी सरकार दिशानिर्देश जारी होने के तीन महीने के भीतर लागू करेगी।

सामाजिक सहायता कार्यक्रम पर 53,428 करोड़ खर्च होंगे

राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम को वित्त वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक जारी रखने की मंजूरी दी गई है। इस दौरान योजना पर 53,428 करोड़ खर्च होंगे। इसके तहत बुजुर्गों और विधवाओं को पेंशन, दिव्यांगों को आर्थिक सहायता और परिवार के मुख्य कमाने वाले सदस्य की मौत होने पर पात्र परिवार को मदद दी जाती है।

आईडीबीआई बैंक में 60.72% हिस्सेदारी खरीदेगी फेयरफैक्स

केंद्रीय कैबिनेट ने आईडीबीआई बैंक के नए खरीदार के नाम पर मुहर लगा दी है। इस फैसले के तहत केंद्र सरकार और एलआईसी मिलकर बैंक में अपनी 60.72% हिस्सेदारी कनाडाई अरबपति प्रेम वत्स की कंपनी 'फेयरफैक्स' को बेचेंगे। यह सौदा 52,877 करोड़ में तय हुआ है। 2022 में टाटा ग्रुप को एअर इंडिया बेचे जाने के बाद, यह केंद्र सरकार का सबसे बड़ा विनिवेश है। रकम के लिहाज से यह एअर इंडिया की 18 हजार करोड़ की डील से भी लगभग तीन गुना बड़ा सौदा है।

हरियाणा में ग्रुप डी कर्मियों को 15 हजार का एडवांस

चंडीगढ़। त्योहारों के बीच चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को प्रदेश सरकार ने राहत दी है। सरकारी विभागों, बोर्ड-निगमों और स्वायत्त संस्थानों में स्थायी या अस्थायी आधार पर लगे नियमित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को 15 हजार रुपये का ब्याजमुक्त एडवांस दिया जाएगा। पात्र कर्मचारी 24 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। धनराशि 30 अक्टूबर 2026 तक स्वीकृत और वितरित की जा सकेगी। पति-पत्नी दोनों सरकारी नौकरी में हैं तो किसी एक को ही अग्रिम राशि मिलेगी। दैनिक वेतनभोगी, संविदा, कार्य-प्रभारित और आकस्मिक निधि से वेतन पाने वाले कर्मचारी पात्र नहीं होंगे। प्रतिनियुक्ति पर गए, निलंबित और नियम-7 के तहत कार्रवाई का सामना कर रहे कर्मचारियों को भी लाभ नहीं मिलेगा।

चर्चित सौरभ हत्याकांड में 591 दिन बाद आया फैसला

नीले ड्रम वाली मुस्कान व साहिल को मृत्यु दंड

जज बोले, ऐसे जघन्य अपराध करने वालों को सजा देना कोर्ट का धर्म

एजेंसी ▶▶| मेरठ

सौरभ राजपूत की हत्या 3 मार्च 2025 को हुई थी। सबूत मिटाने के लिए दोनों ने शरीर के 5 टुकड़े कर नीले ड्रम में डाल ऊपर से सीमेंट का घोल भर दिया था।

मेरठ में प्रेमी के साथ मिलकर पति सौरभ राजपूत की हत्या करने वाली मुस्कान को फांसी की सजा सुनाई गई। उसके प्रेमी साहिल को भी कोर्ट ने मौत की सजा दी है। सजा सुनाते हुए जज ने कहा कि अधर्म के काम पर सजा देना धर्म होता है। मुस्कान-साहिल आप दोनों ने ही सौरभ की नृशंस हत्या की है। इसलिए माफी स्वीकार नहीं होगी। सजा सुनाने से पहले जेल में बंद मुस्कान और साहिल को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जोड़ा गया। मुस्कान रस्तोगी और साहिल फूट-फूटकर रोने लगे। जज ने मुस्कान से पूछा- तुम अपने पति सौरभ राजपूत की हत्या में दोषी हो, क्या सजा चाहती हो? उसने जवाब दिया- मेरी बच्चियों का ख्याल रखा जाए। फिर वह खामोश हो गई। इसके बाद साहिल से यही सवाल पूछा गया, तो वह चुप रहा। सजा के ऐलान के बाद सौरभ की मां रो पड़ीं। कहा- शांति से न्याय मिल गया। सौरभ राजपूत की हत्या 3 मार्च, 2025 को हुई थी। मुस्कान और साहिल ने सबूत मिटाने के लिए सौरभ के शव को 5 टुकड़ों में काटकर नीले ड्रम में भर दिया था। इसके बाद उस पर सीमेंट का घोल डाल दिया था।


मिला इंसाफ



जज ने मुस्कान से पूछा, क्या सजा चाहती हो

बोली-मेरी बच्चियों का ख्याल रखा जाए फिर खामोश हुई

साहिल भी सजा सुनने के दौरान चुप खड़ा रहा



कम सजा के लिए गिड़गिड़ाते रहे

कोर्ट में सुनवाई के दौरान मुस्कान और साहिल कांपते नजर आए। कोर्ट में दोनों हाथ जोड़े खड़े रहे। मुस्कान बोली मेरी दो बेटियां हैं, वे दोनों बहुत छोटी हैं। मुझे कम से कम सजा दी जाए। साहिल ने कंपकंपी आवाज से कम से कम सजा देने की अपील की। सजा सुनाने के बाद दोनों फूट फूटकर रोने लगे। सजा सुनाने के बाद वकीलों ने कोर्ट के फैसले को सही बताया।

सौरभ की मां रो पड़ीं, कहा- शांति से न्याय मिल गया

2025 में हुई थी सौरभ की हत्या

तीन मार्च 2025 की रात सौरभ की हत्या कर दी गई थी। पुलिस के अनुसार, मुस्कान ने अपने पति सौरभ को कथित तौर पर मादक पदार्थ देकर बेहोश किया और फिर साहिल की मदद से चाकू से वार कर उसकी हत्या कर दी थी। हत्या के बाद शव के टुकड़े कर उन्हें एक नीले ड्रम में डालकर सीमेंट से सील कर दिया गया। वारदात के बाद मुस्कान और साहिल हिमाचल प्रदेश चले गए थे और पुलिस ने उन्हें 18-19 मार्च 2025 को गिरफ्तार किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने अदालत में गवाह और साक्ष्य पेश किए और करीब 126 तारीखों तक चली सुनवाई के बाद अदालत ने 30 सितंबर को दोनों को दोषी ठहराया था।

मुस्कान के माता-पिता बोले हमें बेटी से मतलब नहीं

मुस्कान के माता-पिता ने बुधवार सुबह एक पत्र लिखकर पुलिस के जरिए कोर्ट को दिया। इसमें उन्होंने लिखा है कि मुस्कान को चाहे जो सजा हो, हमें इससे कोई मतलब नहीं है। हम कभी मुस्कान से नहीं मिलेंगे। उसे फांसी होना चाहिए। हमें उसकी छोटी बेटी से भी कोई मतलब नहीं है।

रांका और दास को पांच दिन के लिए तिहाड़ भेजा

सीजेपी कल दिल्ली में करेगी तिरंगा प्रदर्शन



नई दिल्ली (एजेंसी)। सीजेपी प्रवक्ता आशुतोष रांका और सौरव दास को दिल्ली की स्पेशल कोर्ट ने बुधवार को 5 दिन की न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल भेज दिया है। इन्हें मंगलवार सुबह जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान हिरासत में लिया गया था। उधर, कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के फाउंडर अभिजीत दीपके ने 16 अक्टूबर को प्रदर्शन का ऐलान किया। दीपके ने बुधवार को वीडियो मैसेज जारी कर कहा कि, सभी लोग 16 अक्टूबर को शाम 5 बजे तिरंगा लेकर कनॉट प्लेस पहुंचे। ये लोग मुझे भी जेल में डाल सकते हैं लेकिन मुझे परवाह नहीं। दीपके बुधवार दोपहर दिल्ली पहुंचे थे। एयरपोर्ट से बाहर निकलते समय भीड़ उन पर चिल्लाने लगी। एक पैसेंजर ने कहा- क्यों देश को खराब कर रहा भाई। इस पर दीपके ने बस थम्स अप का इशारा किया और चुपचाप चले गए।

दीपके का एयरपोर्ट पर विरोध, लोगों ने कहा-क्यों देश को खराब कर रहा है भाई

अभिजीत दीपके बुधवार को दिल्ली पहुंचे। इस दौरान उन्हें विरोध का सामना करना पड़ा। एयरपोर्ट से बाहर निकलते वक्त भीड़ उन पर चिल्लाने लगी। इस दौरान, एक पैसेंजर ने कहा कि क्यों देश को खराब कर रहा है भाई। दीपके ने उसकी ओर हाथ उठाया, सहज अंदाज में अंगूठा दिखाया और निकल गए। इस दौरान सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें चारों तरफ से घेर रखा था।

अमेरिकी सिंगर मैरी का दावा, सीजेपी को अमेरिका से मिल रही फंडिंग

वॉशिंगटन। हॉलीवुड सिंगर मैरी मिलबेन ने कॉकरोच जनता पार्टी पर अमेरिका से फंडिंग मिलने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के विरोधी अमेरिकी डोनर्स अभिजीत दीपके को पैसा भेज रहे हैं। उनके मुताबिक इस पैसे का इस्तेमाल भारत में अशांति फैलाने और सरकार के काम में रुकावट डालने के लिए किया जा रहा है। मिलबेन ने युवाओं से आवाज उठाने की अपील की। उन्होंने लिखा, 'यह चुप रहने का समय नहीं है।' मिलबेन ने दावा किया कि फंडिंग करने वाले कुछ अमेरिकी दुनियाभर के दक्षिणपंथी नेताओं को निशाना बनाने का एक तय तरीका अपनाते हैं। ऐसे लोग किसी देश में अमेरिका से पढ़े व्यक्ति को ढूंढते हैं, उसे कट्टर बनाते हैं, वापस उसके देश भेजते हैं और अराजकता व तबाही फैलाने के लिए फंड करते हैं।



भारत में अशांति फैलाने की कोशिश कर रहे

एअर इंडिया फ्लाइट से हाईजैक अलर्ट मिला, पायलट का इनकार

जयपुर (एजेंसी)। फ्रैंकफर्ट से दिल्ली जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट एआई-2030 की बुधवार सुबह जयपुर में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। जानकारी के मुताबिक, फ्लाइट से अहमदाबाद एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को हाईजैक का सिग्नल मिला था। यह जानकारी जयपुर एटीसी से साझा की गई। करीब 45 मिनट बाद विमान को सुबह 9.45 बजे जयपुर में उतारा गया। शुरुआती जांच में पायलट की गलती से अलर्ट मैसेज भेजने की जानकारी थी। हालांकि, पूछताछ में उसने कहा कि- मेरी कोई गलती नहीं है। फ्लाइट रडार 24 के मुताबिक, विमान ने 13 अक्टूबर की रात 9:45 बजे फ्रैंकफर्ट से उड़ान भरी थी। उसे 14 अक्टूबर की सुबह 10:40 बजे दिल्ली पहुंचना था, लेकिन जयपुर डायवर्ट कर दिया गया।

जर्मनी दिल्ली फ्लाइट की जयपुर में इमरजेंसी लैंडिंग
■ **कैप्टन सिमत मच्छर ने भी ऐसा ही मैसेज भेजा था**

पाकिस्तान समेत 31 देशों के पायलटों पर बैन : इजरायल जाने वाली उड़ानों में पाकिस्तान समेत 31 देशों के पायलटों और केबिन क्रू की तैनाती पर प्रतिबंध लगा दिया है। इनमें कई अरब और मुस्लिम बहुल देश शामिल हैं। फ्रांस की प्रमुख एयरलाइन एयर फ्रांस ने पुष्टि की कि वह इजरायल के नए प्रतिबंधों का पालन कर रही है।

अब रेल की हर टिकट पर मिलेगा इंश्योरेंस

नई दिल्ली (एजेंसी)। अब काउंटर से रेल रिजर्वेशन कराने पर भी यात्री इंश्योरेंस ले सकेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय रेलवे को यह आदेश दिया है। कोर्ट का आदेश 27 अक्टूबर से लागू होगा। जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच ने ये फैसला सुनाया। अभी सिर्फ ऑनलाइन टिकट बुक कराने वालों को ही बीमा मिलता था। ऑफलाइन टिकट पर भी यह सुविधा ऑनलाइन टिकट की तरह ऑप्शनल रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सामान्य यात्री ज्यादातर स्टेशन काउंटर से टिकट लेते हैं। रेलवे को इनके लिए बीमा का इंतजाम करने का काफी समय दिया गया था, लेकिन कोई काम नहीं हुआ। इसीलिए अब 27 अक्टूबर 2026 से स्टेशन काउंटर की हर टिकट पर भी ऑनलाइन की तरह बीमा का ऑप्शन देना अनिवार्य किया गया।

अभी तक केवल ऑनलाइन टिकट पर मिलती थी सुविधा

रिलायंस पावर की 2000 करोड़ की संपत्ति जब्त

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) मामले में अनिल अंबानी समूह की कंपनी रिलायंस पावर लिमिटेड (आरपीएल) की 2,000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय जांच एजेंसी ने बताया कि जब्त संपत्तियों में कंपनी के बैंक खातों में जमा राशि और सासन पावर लिमिटेड में उसकी हिस्सेदारी शामिल है। ईडी की जांच भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की उस कार्रवाई के बाद शुरू हुई, जो रिलायंस पावर के खातों में 2,101.46 करोड़ रुपये की राशि को बट्टे खाते में डालने या उसके लिए प्रावधान करने से संबंधित थी। यह रकम ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड्स (बीवीआई) और केमैन आइलैंड्स की कंपनियों में विदेशी निवेश तथा उन्हें दिए गए अग्रिम भुगतान से जुड़ी थी।

ईडी ने फेमा मामले में की कार्रवाई

होर्मुज में डूबा 2500 कंटेनर वाला जहाज

नई दिल्ली (एजेंसी)। होर्मुज स्ट्रेट में समुद्री बारूदी सुरंग से टकराकर बुधवार सुबह एक मालवाहक जहाज डूब गया। जहाज में 2500 कंटेनर थे। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने यह जानकारी दी। टक्कर के बाद जहाज में आग लग गई थी। जंग शुरू होने के बाद यह पहली बार है, जब बारूदी सुरंग से टकराकर कोई जहाज डूबा है। रॉयटर्स के मुताबिक डूबने वाले जहाज का नाम जीएफएस प्राइड है। यह सिंगापुर के झंडे के तहत चल रहा था और इसमें एक बार में 2,824 कंटेनर ले जाने की क्षमता थी। जहाज का कामकाज यूएई की एक कंपनी के पास था। जहाज पर कितने लोग सवार थे इसकी जानकारी नहीं मिली है। जहाज होर्मुज के पास एक ऐसे रास्ते से गुजर रहा था, जिसे इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं थी और रास्ता खतरनाक था।

बारूदी सुरंग से टकराया, जंग शुरू होने के बाद पहली बार ऐसा हुआ

चुनाव आयोग पर भड़का सुप्रीम कोर्ट

वीडियो रिकॉर्डिंग तो देनी ही पड़ेगी, बहाने बर्दाश्त नहीं करेंगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को इस बात के लिए कड़ी फटकार लगाई कि वह 2023 के कर्नाटक विधानसभा चुनावों में श्रृंगेरी विधानसभा क्षेत्र में वोटों की गिनती की वीडियो रिकॉर्डिंग नहीं ढूंढ पा रहा है। कोर्ट कांग्रेस नेता टीडी राजेगौड़ा और भाजपा उम्मीदवार डीएन जीवराज के बीच चुनावी विवाद से जुड़े मामले की सुनवाई कर रहा था। राजेगौड़ा ने 2023 में श्रृंगेरी विधानसभा क्षेत्र से 201 वोटों के मामूली अंतर से विधानसभा चुनाव जीता था लेकिन वोटों की दोबारा गिनती में जीवराज को ज्यादा वोट मिलने के बाद कांग्रेस उम्मीदवार को हटा दिया गया था। मई में शीर्ष अदालत ने राजेगौड़ा को राहत देते हुए निर्देश दिया था कि जब तक उनकी याचिका पर सुनवाई पूरी नहीं हो जाती तब तक वह विधानसभा सदस्य बने रहेंगे। इसी याचिका पर आज, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस संजीव सचदेवा की बेंच ने उस बात पर हैरानी जताई जब ईसीआई ने कहा कि वह 2023 में हुई वोटों की गिनती की वीडियो रिकॉर्डिंग नहीं ढूंढ पा रहा है।



एनआईटी राउरकेला ने विकसित की सस्ती तकनीक

अब कटहल के छिलकों से साफ होगा पानी

एजेंसी ▶▶| राउरकेला

देश के कई राज्यों में भूजल में फ्लोराइड की गंभीर समस्या से जूझ रहे लोगों के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) राउरकेला के शोधकर्ताओं ने एक ऐसी किफायती और टिकाऊ तकनीक विकसित की है, जो कटहल के बेकार समझे जाने वाले छिलकों की मदद से महज 10 मिनट में पानी से 90 प्रतिशत से अधिक फ्लोराइड को खत्म कर सकती है। कृषि अपशिष्ट को उपयोगी संसाधन में बदलने वाले इस खास नवाचार को पेटेंट भी मिल चुका है और इसे राष्ट्रीय स्तर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य व जल-शोधन के क्षेत्र में एक बड़ी कामयाबी माना जा रहा है।

10 मिनट में 90% से अधिक फ्लोराइड खत्म



पूरी तरह से पर्यावरण के अनुकूल

इसके अलावा आयन एक्सचेंज जैसी विधियों में रसायनों का प्रयोग होता है। इसके उलट, एनआईटी राउरकेला की यह नई तकनीक पूरी तरह से पर्यावरण के अनुकूल है। एनआईटी राउरकेला के रासायनिक अभियांत्रिकी विभाग की प्रोफेसर सुस्मिता मिश्रा और शोधार्थी डॉ. प्रतिमा मिंज की टीम ने इस अनूठी तकनीक को ईजाद किया है।

परीक्षणों में उत्साहजनक परिणाम मिले

प्रो. सुस्मिता मिश्रा के अनुसार, इस तकनीक का मुख्य विचार कृषि अपशिष्ट सामग्री का उपयोग जल-शुद्धिकरण के संसाधन के रूप में करना है। शोध टीम ने फेंके जाने वाले कटहल के छिलकों से सक्रिय कार्बन (एक्टिवेटेड कार्बन) तैयार किया और पानी से फ्लोराइड को सोखने की इसकी क्षमता को और अधिक बढ़ाने के लिए इसे जिरकोनियम नामक तत्व के साथ संशोधित किया।

पानी को शुद्ध करने के लिए आरओ का इस्तेमाल

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, पीने के पानी में फ्लोराइड की अधिक मात्रा मानव स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है। इसके कारण बच्चों और वयस्कों में दंत फ्लोरोसिस और अस्थि फ्लोरोसिस (हड्डियों की बीमारी) जैसी गंभीर समस्याएं जन्म लेती हैं। वर्तमान में पानी को शुद्ध करने के लिए रिवर्स ऑस्मोसिस (आरओ) जैसी तकनीक का व्यापक इस्तेमाल होता है, लेकिन इसकी सबसे बड़ी खामी यह है कि इसमें भारी मात्रा में पानी व्यर्थ हो जाता है और यह पानी से कैल्शियम तथा मैग्नीशियम जैसे शरीर के लिए जरूरी खनिजों को भी नष्ट कर देता है।

नवरात्र पर विशेष



पंचम-स्कंदमाता

सर्वशक्तिमान, ममतामयी मां स्वरूपा भगवती दुर्गा का पांचवां रूप स्कंदमाता के रूप में प्रतिष्ठित है। अपने ब्रह्मचारिणी स्वरूप में देवी ने तपस्या करके भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त किया। भगवान शिव और शक्ति के पुत्र के रूप में स्कंद का जन्म हुआ, जिन्होंने देवताओं की सेना का संचालन किया। देवताओं के सेनापति सनत कुमार की माता के रूप में देवी का स्कंदमाता स्वरूप ममतामयी और मनमोहक है। देवी की गोद में स्कंद विराजमान हैं, देवी की चार भुजाएं और तीन नेत्र हैं। शुभ्रवर्णी देवी पदम पर विराजमान हैं। सिंह इनका वाहन है। स्कंदमाता की पूजा करने वाले भक्तों का मन सांसारिक मोहमाया के बंधनों से दूर रहता है। स्कंदमाता की आराधना का मंत्र है-

सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभदास्तु सदा देवी स्कंदमाता यशस्विनी॥

घूस खाने वालों की बनाई 'डोंट मूव विदाउट मनी' नाम से विशेष सूची

विजिलेंस के निशाने पर 190 रिश्वतखोर अधिकारी-कर्मचारी, 6 पकड़े जा चुके

- क्लास-1 अधिकारी को पकड़ने पर एक लाख तक का दिया जाएगा इनाम, 30 प्रतिशत पकड़वाने वाले को देंगे
- ब्यूरो की तीसरी तिमाही समीक्षा बैठक में प्रमुख डॉ. चावला ने दिए कड़े निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंचकूला



टीम को सम्मानित करते डॉ. चावला।

राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के निशाने पर प्रदेश के 190 रिश्वतखोर अधिकारी व कर्मचारी हैं। इन कर्मचारियों की 'डोंट मूव विदाउट मनी' नाम से एक विशेष सूची तैयार की गई है, जिनके संबंध में रिश्वत लिए बिना काम नहीं करने की शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इनमें से छह के विरुद्ध रेड कर गिरफ्तारी की जा चुकी है। यह जानकारी पंचकूला स्थित मुख्यालय में आयोजित ब्यूरो की तीसरी तिमाही समीक्षा बैठक में ब्यूरो प्रमुख डॉ. अरशिंदर सिंह चावला ने दी। बैठक में पिछले नौ महीनों के दौरान ब्यूरो द्वारा की गई कार्रवाई, प्राप्त इंक्वायरी, उनके निस्तारण, रिश्वतखोरी के विरुद्ध रेड और भ्रष्टाचार संबंधी सूचनाओं पर कार्रवाई की विस्तृत समीक्षा की गई। डॉ. चावला ने कहा कि क्लास-1 अधिकारी को रिश्वत लेते हुए पकड़ने वाली विजिलेंस टीम को एक लाख रुपये तक का इनाम दिया जाएगा। वहीं, भ्रष्ट अधिकारी के संबंध में विश्वसनीय सूचना देकर उसे पकड़वाने में मदद करने वाले व्यक्ति को निर्धारित इनाम राशि का 30 प्रतिशत हिस्सा दिया जाएगा। वहीं, बैठक में प्रदेशभर में उत्कृष्ट कार्य करने वाली चार टीमों को सम्मानित किया गया। डीएसपी सुरिंदर कुमार सहित बेहतर प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कार्यों की सराहना की गई।

तीसरी तिमाही में 64 और नौ महीनों में 155 रेड

प्रदेश की सात विजिलेंस रेंज में की गई कार्रवाई की समीक्षा के दौरान बताया गया कि तीसरी तिमाही में कुल 64 रेड की गईं, जबकि पिछले नौ महीनों में यह संख्या 155 रही। वहीं, तीसरी तिमाही के दौरान विजिलेंस विभाग में 44 जांच (इंक्वायरी) दर्ज की गई है और इस तिमाही में 20 जांच की रिपोर्ट सरकार को भेजी गई है। पिछले नौ महीनों के दौरान प्रदेश में कुल 90 जांच दर्ज की गई है, जबकि इसी अवधि के दौरान 60 जांच का निपटान करके रिपोर्ट सरकार को भेजा गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जांच का निस्तारण समयबद्ध तरीके से किया जाए तथा लंबित मामलों की नियमित समीक्षा सुनिश्चित की जाए। चावला ने 'सतर्क हरियाणा' मोबाइल एप के व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर देते हुए कहा कि प्रदेश के प्रत्येक जिले में आमजन को इस एप के प्रति जागरूक किया जाना चाहिए।

सेवानिवृत्त कर्मचारी से 20 हजार रिश्वत लेते डेटा ऑपरेटर पकड़ा



इसराना (पानीपत)। हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की जींद टीम ने इसराना सब डिवीजन के सब ट्रेजरी कार्यालय में छापा मारा। एसीबी ने डेटा एंट्री ऑपरेटर सुरेन्द्र सिंह पुत्र दानाराम निवासी गांव ढाकल, जिला जींद को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपी सुरेंद्र ने स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत्त हुए धर्मपाल शर्मा से रिटायरमेंट के बाद पेंशन चालू करवाने और सरकारी लाभों की राशि जारी करने के बदले तीस हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। बाद में सुरेंद्र 20 हजार रुपये में धर्मपाल के सभी काम करने को तैयार हो गया था। आरोपी सुरेंद्र, हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) के माध्यम से नियुक्त है। शिकायतकर्ता धर्मपाल ने बताया कि सेवानिवृत्त होने के बाद उनकी पेंशन आदि सेवा लाभ दिलवाने के लिए सुरेंद्र उन्हें परेशान कर रहा था, बाद में सुरेंद्र ने उनके काम करने की एवज में रिश्वत की मांग की।

1.68 लाख मीट्रिक टन सीएमआर बकाया

चावल नहीं लौटाने पर शेलरों से वसूली करेगा एफसीआई

- प्रति क्विंटल देने होंगे 2816 रुपये, 31 अक्टूबर तक पूरी रकम जमा कराने का अल्टीमेटम, भुगतान के बाद ही नए सीजन में मिलेगा धान

सुरेन्द्र असीजा ▶▶ फतेहाबाद

सरकारी खरीद का धान लेकर चावल तैयार करने के बाद भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) को निर्धारित मात्रा में वापस जमा नहीं करने वाले राइस शेलर मालिकों पर हरियाणा सरकार ने शिकंजा कस दिया है। बकाया चावल की भरपाई के लिए अब मिलरों को धान के मूल्य के हिसाब से प्रति क्विंटल 2816.23 रुपये सरकारी खजाने में जमा करवाने होंगे। सरकार ने राशि जमा कराने के लिए 31 अक्टूबर 2026 तक का समय दिया है। अब जो शेलर मालिक बकाया की पूरी रकम जमा करवाएगा, उसे ही नए खरीद सीजन में धान का आवंटन किया जाएगा। बता दें कि प्रदेश में 400 राइस शेलर मालिक ऐसे हैं, जो एफसीआई को पूरी सीएमआर नहीं दे पाए थे। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के निदेशालय ने 13 अक्टूबर को इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। आदेश धान खरीद व मिलिंग से जुड़ी एजेंसियों, उपायुक्तों और जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रकों को भेजा गया है। आदेश के अनुसार, खरीफ खरीद सीजन 2025-26 में भारतीय खाद्य निगम ने 39.94 लाख मीट्रिक टन कस्टम मिल्ड राइस यानि सीएमआर की डिलीवरी लेने के बाद भी राइस मिलों में 2.51 लाख मीट्रिक टन धान के बराबर 1.68 लाख मीट्रिक टन चावल बकाया रह गया था। अब सरकार ने इस बकाया की वसूली के लिए मिलरों को राशि जमा करवाने का विकल्प दिया है। आदेश में बकाया धान की मात्रा के हिसाब से 2816.23 रुपये प्रति क्विंटल की दर तय की गई है। इसमें बारदाने की कीमत शामिल नहीं होगी।

> सीएमआर देने के लिए शेलर तैयार थे, लेकिन एफसीआई के पास पर्याप्त जगह नहीं थी। ऐसे में शेलर मालिकों पर वसूली डालना धक्काशाही है। जिन राइस शेलरों ने 75 प्रतिशत से ऊपर सीएमआर दे दी है यानि जिन शेलरों की सीएमआर 25 फीसदी बकाया है, सरकार उन्हें राहत दे।
> - मक्खन सिंगला, महासचिव, हरियाणा राइस शेलर एसो.।

हनुमान मंदिर में दर्शन के लिए आए बच्चे को ऑटो ने कुचला

पलवल। नेशनल हाईवे-19 पर अटोहा मोड़ स्थित हनुमान मंदिर के पास एक तेज रफ्तार ऑटो ने बच्चे को टक्कर मार दी। हादसे में बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। बहरौला गांव के बीरपाल ने बताया कि वह अपने बेटे प्रिंस के साथ हनुमान मंदिर दर्शन करने आए थे। उनकी स्कूटी अटोहा मोड़ पर खड़ी थी, तभी यूपी नंबर के एक तेज रफ्तार ऑटो ने प्रिंस को टक्कर मार दी। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

गाड़ी की गाय से टक्कर होने पर बचकर भागा अगवा युवक

- पुलिस ने महेंद्रगढ़ और झज्जर के दो आरोपियों को हिसार से गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

गढ़ी लेबर चौक से सफेद क्रेटा गाड़ी में 23 वर्षीय युवक के अपहरण केस में पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ लिया है। जांच में सामने आया कि जब अपहरणकर्ता गाड़ी में युवक को लेकर जा रहे थे तो हांसी में तेज रफ्तार क्रेटा के सामने गाय आ गई और गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

इसी हादसे का फायदा उठाकर पीड़ित युवक किसी तरह कार से निकलकर भागने में कामयाब रहा। अब पुलिस की क्राइम ब्रांच सेक्टर-31 की टीम ने हिसार से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान 20 वर्षीय नितिन निवासी पथराव जिला महेंद्रगढ़ और 19 वर्षीय खुश उर्फ मंजीत निवासी मारौत झज्जर के रूप में हुई है। पूछताछ में पता चला कि आरोपी नितिन गुरुग्राम में टैक्सी चलाता है, जबकि खुश उर्फ मंजीत रैपिडो राइडर का काम करता है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार गढ़ी निवासी 23 वर्षीय विक्की उर्फ रोनी सेल्समैन की नौकरी करता है। 7 अक्टूबर की शाम करीब 6 बजे वह अपने दोस्त से मिलने गढ़ी लेबर चौक पर गया था। रात करीब 10 बजे विक्की के पिता को उसके एक दोस्त का फोन आया। दोस्त ने बताया कि करीब डेढ़ घंटे पहले एक सफेद क्रेटा गाड़ी में 5-6 युवक सवार होकर आए थे। उन्होंने चौक पर ही विक्की के साथ जमकर मारपीट की और जबरन उसे गाड़ी में डालकर ले गए।

सेल्समैन की नौकरी को लेकर थी रंजिश

जांच में पता चला कि इस किडनैपिंग के पीछे काम से जुड़ा विवाद था। पीड़ित विक्की उर्फ रोनी और उसके दोस्त सचिन का कुछ महीने पहले सेल्समैन के काम को लेकर प्रिंस और नितिन नाम के युवकों से झगड़ा हो गया था।

तहसील में फर्जी रजिस्ट्री को लेकर क्लर्क व प्रॉपर्टी डीलर में मारपीट

गुरुग्राम। कादीपुर तहसील में फर्जी रजिस्ट्री को लेकर रजिस्ट्री क्लर्क और प्रॉपर्टी डीलर के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। दोनों पक्षों के बीच पहले नायब तहसीलदार के सामने झगड़ा हुआ और फिर दफ्तर के बाहर दोनों में जमकर मारपीट हुई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ सेक्टर-10 थाना पुलिस में शिकायत दी है। जिला अस्पताल में भर्ती प्रॉपर्टी डीलर ललित ने आरोप लगाया है कि कादीपुर तहसील में भ्रष्टाचार चरम पर है। उसने जिस जमीन की रजिस्ट्री करवाई थी, उसके लिए अधिकारियों द्वारा डिमांड की जाती है। जब उसने रुपये देने में आनाकानी की तो अधिकारियों के इशारे पर उस पर हमला किया गया। वहीं, रजिस्ट्री क्लर्क विक्की ने कहा कि ललित ने डॉक्यूमेंट्स चेंज करके रजिस्ट्री करवा ली। मैंने इसके बारे में नायब तहसीलदार को शिकायत दी तो वह भड़क गया। मेरी सीट पर आकर मेरे साथ हाथापाई की गई, मेरे कपड़े फाड़े गए हैं और जान से मारने की धमकी दी गई।

गोदाम पर रेड मार 7270 किलो पटाखे किए जब्त

- झज्जर और रोहतक क्षेत्र से पटाखे खरीदकर बिना लाइसेंस के गोदाम में स्टॉक किया हुआ था

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच सेक्टर-85 की टीम ने पुराना खेड़ी रोड पर एक गोदाम पर छापा मारकर 7 हजार 270 किलोग्राम पटाखे बरामद किए हैं। पुलिस ने ओल्ड फरीदाबाद के सैयदवाड़ा निवासी गोदाम संचालक हेमंत वधवा को काबू किया है। वह पटाखों के स्टॉक एवं बिक्री से संबंधित वैध लाइसेंस और परमिट प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने उसके खिलाफ थाना बीपीटीपी में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। जांच के दौरान गोदाम के 2 कमरों में अलग-अलग ब्रांड के पटाखे पेटियों और खुले रूप में रखे मिले। पूछताछ में सामने आया कि संचालक ने गोदाम किराए पर लिया हुआ था। उसके पास पहले पटाखे बेचने का लाइसेंस था, जो कि 2025 में समाप्त हो चुका था। इसके बावजूद उसने झज्जर और रोहतक क्षेत्र से पटाखे खरीदकर गोदाम में स्टॉक किया हुआ था।

शराब पीते हुए झगड़ा होने पर साथियों ने अधेड़ को पीट-पीटकर मार डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



मंगलवार की रात खोल गांव में 55 वर्षीय अधेड़ की उसके साथियों ने उस समय पीट-पीटकर हत्या कर दी, जब वह उनके साथ बैठकर शराब पी रहा था। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज करने के बाद आरोपियों को काबू करने के प्रयास शुरू कर दिए। मूल रूप से खोल निवासी मुकेश का परिवार गुरुग्राम में रह रहा है। मुकेश सोमवार को पेंशन लेने के लिए गांव आया था। पुलिस के अनुसार रात को वह अपने कुछ साथियों के साथ बैठक शराब का सेवन कर रहा था। करीब 10 बजे उसका कुछ लोगों के साथ झगड़ा हो गया था। झगड़े में मुकेश के साथ जमकर मारपीट की गई। साथी वीरसिंह ने परिजनों को सूचना दी। मृतक के बेटे नितिन ने जमीन विवाद में हत्या की आशंका जताई है।

ज्योतिष

कहते नहीं करके दिखाते हैं
सभी समस्याओं का समाधान
जैसा चाहोगे करके दूंगा
कारोबार, प्यार में परेशानी, दुश्मन से छुटकारा, गृहक्लेश, पति-पत्नी के झगड़े, लव मैरिज, प्रोपटी, कोर्ट केस, किया कराया, जादू टोना, मनचाही इच्छा
A to Z समस्या का समाधान
स्पेशलिस्टः मनचाहा प्यार, प्रेम-विवाह
पंडित पी. के. शास्त्री
हमारे किये हुए काम को कोई ज्योतिष, पंडित या मौलवी काट दे तो उसे मुंह मांगा ईनाम।
काम ना होने पर पैसे वापस
+91 99974 92579

दुआ भी तकदीर बदल देती है तांत्रिक मास्टर किंग का एलान भटको चाहे जिधर काम होगा इधर
2 घंटे में समाधान
प्रेम विवाह, सौतन-दुश्मन से छुटकारा, पति-पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा, रूठे को मनाना, नौकरी, कारोबार में बाधा आदि।
स्पेशलिस्ट वशीकरण, मूठकरनी
मियां मलिक जी
9711428545
सारे इल्मों के माहिर

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

राशिफल

मेष किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। सन्तान के स्वास्थ्य में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी। शिक्षा में व्यवधान आ सकते हैं।

वृष अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी महिला से धन की प्राप्ति हो सकती है। मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है।

मिथुन चिकित्सीय खर्च और भवन के मरम्मत पर खर्च बढ़ सकते हैं। वाणी में कठोरता रहेगी। वाणी का प्रभाव भी बढ़ेगा। समाज में मान-सम्मान मिलेगा।

कर्क मन में निराशा एवं असन्तोष रहेगा। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

सिंह न परेशान रहेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बढ़ सकता है। आत्मविश्वास रहेगा। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

कन्या शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। आत्मविश्वास बढ़ेगा। मन में शान्ति का प्रभाव रहेगा। धैर्यशीलता में कमी रहेगी।

तुला बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। आय के स्रोत भी विकसित होंगे। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। भवन सुख में वृद्धि हो सकती है।

वृश्चिक शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। कारोबार की स्थिति मजबूत होगी।

धनु वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता रहेगी। नौकरी में बदलाव की स्थिति बन रही है। भाई-बहनों का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा।

मकर शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कारोबार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। किसी मित्र के सहयोग से किसी सम्पत्ति में निवेश कर सकते हैं।

कुंभ नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। क पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। क्रोध एवं आवेश की अधिकता रहेगी।

मीन परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे।

खेल

एशियन गेम्स में तीन पदक जीतने वाली नीरू का गांव में स्वागत

पीएम के डिनर में चूरमा लेकर जाएंगी नीरू की मां

- संगतपुरा ने 10 लाख रुपये चंदा कर 95 गांवों को दिया भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन कर देश और प्रदेश का नाम रोशन करने वाली गोल्डन गर्ल शूटर नीरू ढांडा बुधवार को जींद पहुंचीं। उन्हें जींद के ऐतिहासिक जयंती देवी मंदिर से ट्रैक्टरों व वाहनों के काफिले के साथ उनके पैतृक गांव संगतपुरा तक ले जाया गया। एशियन गेम्स में ट्रैप शूटिंग में दो गोल्ड और एक सिल्वर मेडल जीतने वाली नीरू ढांडा का गांव में भव्य स्वागत किया गया। वहीं, गुरुवार को दिल्ली में पीएम के साथ डिनर में नीरू व उसका परिवार शामिल होगा।



जींद। नीरू ढांडा का सम्मान करने पहुंचे भाजपा नेता।

संगतपुरा के सरपंच प्रतिनिधि सुनील कुमार ने बताया कि नीरू के स्वागत समारोह में भोज पूरे गांव की तरफ से दिया गया। इसके लिए गांव से करीब 10 लाख रुपये चंदा जुटाया गया। इसके अलावा गांव के बड़े अधिकारियों ने ब्लैंक चेक भी दिए ताकि नीरू के स्वागत में कोई कमी न रहे। कार्यक्रम की व्यवस्थाएं संभालने के लिए छह कमेटियों ने जिम्मेदारी संभाली। इस कार्यक्रम में ढांडा गोत्र के 95 गांवों को न्योता दिया गया।

तीनों नेताओं ने 15-15 लाख देने की घोषणा की

स्वागत समारोह में पहुंचे शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा तथा हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्णलाल मिड्ढा ने नीरू ढांडा को 15-15 लाख रुपये की सम्मान राशि देने की घोषणा की।

अब बेटी डीएसपी बन जाए

नीरू के पिता सुरेश व मां सुदेश ने कहा कि प्रधानमंत्री ने उन्हें 15 अक्टूबर को दिल्ली में सम्मानित करने के लिए बुलाया है। वह प्रधानमंत्री के लिए भी जींद का बूरा, देसी टिंडी और चूरमा बनाकर लेकर जाएंगे। उन्होंने कहा कि गाम राम चाहता है कि उनकी बेटी नीरू ढांडा डीएसपी लग जाए।

जी.पी.एस. बुसाना
खण्ड मुण्डलाना, तह. गोहाना, जिला सोनीपत

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रा.प्रा.पाठशाला बुसाना (17958) खण्ड मुण्डलाना, जिला सोनीपत में 03 कंडम कमरों की खुली बोली दिनांक 27.10.2026 को दोपहर एक बजे पाठशाला प्रांगण में होगी। बोली के नियम व शर्तें मौके पर बताई जाएंगी।

हस्ता/-मुख्य शिक्षक एवं एसएमसी
रा.प्रा. पाठशाला
बुसाना (सोनीपत)
मो. 9466658731

रा.व.मा.विद्यालय
गांव बुसाना, खण्ड मुण्डलाना, तह. गोहाना, जिला सोनीपत

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रा.व.मा. विद्यालय बुसाना (3565) खण्ड मुण्डलाना, जिला सोनीपत के 06 कंडम कमरों की खुली नीलामी दिनांक 27.10.2026 को दोपहर 2 बजे विद्यालय प्रांगण में होगी। बोली के नियम व शर्तें मौके पर बताई जाएंगी।

हस्ता/-प्राचार्य एवं एसएमसी
रा.व.मा. विद्यालय
बुसाना (सोनीपत)
मो. 9813754422

रा.व.मा. विद्यालय
गांव जवाहरा, तह. गोहाना, जिला सोनीपत (हरियाणा)

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रा.व.मा. विद्यालय जवाहरा (3574) खण्ड मुण्डलाना, जिला सोनीपत में 02 कंडम कमरों की खुली बोली दिनांक 27.10.2026 को प्रातः 11:00 बजे विद्यालय प्रांगण में होगी। बोली के नियम व शर्तें मौके पर बताई जाएंगी।

हस्ता/-प्राचार्य एवं एसएमसी
रा.व.मा. विद्यालय
जवाहरा (सोनीपत)
मो. 7988539731

COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Sh. Azad Singh
Civil Judge (Junior Division), Sonipat
Satyawanti WIDOW
Vs.
M/S Omaxe Construction Ltd.
COMPANY THROUGH ITS MANAGING DIRECTOR
CNR No. HRSO02-001444-2018
Next Date:- 21-10-2026
PUBLICATION ISSUED TO:
1. VINOD GOYAL, AUTHORISED SIGNATORY/OFFICIAL OF M/S OMAXE CONSTRUCTION LTD COMPANY HEAD OFFICE AT 7, LOCAL SHOPPING COMPLEX, NEW DELHI AT PRESENT HAVING ITS OFFICE AT KUNDLI, SONIPAT. 2. SUNIL GOYAL SON OF YAAD RAM GOYAL OFFICIAL OF M/S OMAXE CONSTRUCTION LTD COMPANY HEAD OFFICE AT 7, LOCAL SHOPPING COMPLEX, NEW DELHI AT PRESENT HAVING ITS OFFICE AT KUNDLI, SONIPAT.
In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 21-10-2026 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat
Sd/- Civil Judge
(Junior Division), Sonipat
Dated, this day of 13-10-2026

केरल केंद्रीय विश्वविद्यालय
(केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 के तहत स्थापित)
तेजस्विनी हिल्स, पेरिया, कासरगोड - 671325
सं. सीयूके/आरईसीआरटी/टीईएसीएच/2023 दिनांक: 15 सितंबर 2026
विभिन्न बैकलॉग एससी/एसटी/ओबीसी और पीडब्ल्यूबीडी शिक्षण पद
(रोलिंग विज्ञापन का द्वितीय चरण)
नीचे दिए गए रोलिंग विज्ञापनों (द्वितीय चरण) के तहत, विभिन्न रिक्त बैकलॉग शिक्षण पदों के लिए योग्य भारतीय नागरिकों/भारत के विदेशी नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:
विज्ञापन सं. सीयूके / आरईसीआरटी / टीईएसीएच /2023/ बीएल 1 एवं बीएल 2 दिनांकित 01.01.2026 (एससी/एसटी/ओबीसी/पीडब्ल्यूबीडी के लिए आरक्षित रिक्त बैकलॉग शिक्षण पदों के लिए)
रिक्त पदों से संबंधित विवरण के लिए www.cukerala.ac.in देखें ।
ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने का लिंक https://curee.samarth.ac.in
ऑनलाइन आवेदन आरंभ होने की तारीखः 15.10.2026, 11ए.एम.
ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीखः 15.11.2026,11:59 P.M
आवेदन की हार्ड कॉपी प्राप्त करने की अंतिम तारीखः 30.11.2026, 05:00 P.M
सीबीसी 21353/11/0003/2627 कुलसचिव

शब्द पहेली - 6378

1		2	3	4	■	5	6	7		8
	■	9			■	10			■	
11	12	■	■		■		■	■	13	
14		■	15		16		17	■	18	
19				■		■	20			
■	■	■	21		■	22		■	■	■
23	24			■	25	■	26		27	28
29		■	30	31		32		■	33	
34		■	■		■		■	■	35	
	■	36	37		■	38	39	40	■	
41					■	42				

बाएँसेदाएँ→
1. मन मोहने वाला-5
5. प्रस्थान करना, रवानगी-5
9. राशिचक्र की दसवीं राशि-3
10. तेल में पकाना-3
11. प्रेम, प्यार-2
13. थोड़ा, जरा-2
14. मैं का बहुवचन-2
15. उम्मीद करना-5
18. धन, संपदा-2
19. पक्षियों की चहचहाट-4
20. अभिप्राय-4
21. सद्, अच्छा-2
22. दम, ताकत-2
23. प्रकाशवान-4
26. उसाठस-4
29. माईल, दूरी नामपे की इकाई-2
30. क्रोधित होना-2,3
33. विदेशी शराब-2
34. झुका हुआ-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. आखेट मंच-3
38. खुजली-3
41. मनमोहकता-5
42. नाटक लिखने वाला-5

ऊपर से नीचे
1. आकर्षक. चिताकर्षक-5
2. वैक्स, मधुज-2
3. अधिकार-2
4. फिल्म 'मदर इंडिया' की नायिका-4
5. जागरण-4
6. दीवार (अंग्रेजी-2)
7. मां के पिता-2
8. असफल-5
12. गर्भ, कोख-3
13. करामात-3
15. खातिरदारी -5
16. उद्देश्य-2
17. नामकरण-2,3
23. भूस्वामी-2,3
24. सही का विलोम-3
25. मृत्यु-2
27. इमामदस्ता-3
28. कांतिमान, चमकीला-5
31. उदारता, बड़प्पन-4
32. मालगोदाम-4
36. रत्न, नग-2
37. टी, चहा-2
39. याचिका, वाद (अंग्रजी-2)
40. वहम, संदेह-2

शब्द पहेली -6377 का हल

का	ज	■	आ	ग	■	सा	थ	■	सु	रा
ल	■	ता	ना	■	आ	स	■	ख	ब	र
■	ली	ला	■	सा	या	■	क	ल	ह	■
म	न	■	रा	त	■	र	म	ल	■	वि
स्ती	■	फि	जा	■	अ	ग	ला	■	सा	दा
■	शू	र	■	की	च	ड़	■	ता	र	■
कु	ल	■	अ	म	ल	■	ख	त	■	मी
ली	■	ग	ल	त	■	प	ता	■	जा	न
■	दो	ज	ख	■	क	ल	■	ता	ल	■
घा	य	ल	■	दा	म	■	उ	म	■	मो
त	म	■	प	ग	■	कृ	ष्ण	■	क	र




नशा एक्टिविस्ट हत्याकांड में आरोपी के घर-मेडिकल स्टोर पर चला बुलडोजर

आरोपी अश्विनी को सालासर से पकड़ा, आज 'पंजाब बंद' का ऐलान

एजेंसी ▶▶ मानसा

पंजाब के मानसा में एंटी ड्रग एक्टिविस्ट परविंदर सिंह झोटा (45) की गोली मारकर हत्या करने वाले केमिस्ट अश्विनी कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसने मंगलवार को फेसबुक लाइव के दौरान झोटा को 3 गोलियां मारी थीं। अश्विनी को राजस्थान के सालासर से पकड़ा गया है।

मानसा प्रशासन आरोपी अश्विनी के घर और मेडिकल स्टोर को बुलडोजर से गिरा दिया है। स्टोर गिराते ही लोगों ने उसमें तोड़फोड़ कर आग भी लगा दी। झोटा की हत्या से गुस्साए सिख संगठनों ने आज मानसा में बाजार बंद करा दिए। कल पंजाब बंद का ऐलान किया गया है। परिजन ने डेडबॉडी लेने से इनकार कर दिया है। उनकी मांग है कि मामले की जांच सीबीआई करे और सीएम भगवंत मान और डीजीपी गौरव यादव इस्तीफा दें। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने इस मामले का संज्ञान लेते हुए चीफ सेक्रेटरी और डीजीपी से रिपोर्ट मांगी है। इधर, पुलिस ने मृतक के पिता भीम सिंह के बयान पर अश्विनी कुमार और अन्य के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कर ली है। वहीं, खुद को झोटा का दोस्त बताने वाले मानसा के गैंगस्टर जस्सी पेंचर ने हत्या का बदला लेने के लिए पोस्ट डाली है।



राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मामले में लिया संज्ञान

पंजाब के चीफ सेक्रेटरी व डीजीपी से रिपोर्ट मांगी

पिता बोले-हत्याकांड के पीछे अश्विनी ही नहीं, बल्कि अन्य भी शामिल

परविंदर झोटा के पिता भीम सैन ने मानसा में बुधवार शाम प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि गुरुवा सुबह 6 बजे से शाम 5 बजे तक पंजाब बंद रहेगा। इस दौरान आपातकालीन सेवाएं बहाल रहेंगी। सीएम मान और डीजीपी इस्तीफा दें और मामले की जांच सीबीआई से कराई जाए। उन्होंने मांग की कि ड्रग इंस्पेक्टर, एसएचओ, डीएसपी और एसएसपी को बर्खास्त कर केस दर्ज किया जाए। इस हत्याकांड के पीछे केवल अश्विनी ही नहीं, बल्कि अन्य लोग भी शामिल हैं। उन्होंने यह भी मांग की कि जिस समय अश्विनी कुमार ने परविंदर झोटा पर गोलियां चलाईं, उस समय वह फोन पर किससे बात कर रहा था।



परिजनों का शव लेने से इनकार

परविंदर झोटा के परिजन ने डेडबॉडी लेने से इनकार कर दिया है। जब तक इस मामले में पूरी तरह इंसाफ नहीं मिल जाता, वह डेडबॉडी लेकर अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। झोटा की बॉडी अभी अस्पताल में रखी गई है।

दोषियों को कड़ी सजा दिलाएंगे: मान

चंडीगढ़। पंजाब के सीएम भगवंत मान ने बुधवार को नशा विरोधी कार्यकर्ता परविंदर सिंह उर्फ झोटा की हत्या में शामिल लोगों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की प्रतिबद्धता जताई। पंजाब के मानसा जिले में परविंदर सिंह की मंगलवार को दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मुख्यमंत्री ने मादक पदार्थों की तस्करी को कतई सहन नहीं करने संबंधी अपनी सरकार की नीति को दोहराते हुए पंजाब के लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। हत्या की इस वारदात को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए मुख्यमंत्री मान ने कहा कि उन्होंने पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को प्रत्येक स्तर पर चूक की जांच करने का निर्देश दिया है। साजिश में शामिल पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। मान ने एक वीडियो संदेश में कहा कि मानसा में एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई है।



राहुल यूथ प्रदर्शनकारियों को साथ लाए

नई दिल्ली। एसआईआर के खिलाफ दिल्ली में प्रदर्शन करने वाले छात्रों ने बुधवार को राहुल गांधी से मुलाकात की। राहुल ने सभी के साथ मिलकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। जिसमें छात्रों ने दिल्ली पुलिस पर मारपीट और हिरासत में ज्यादती करने के आरोप लगाए। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एनएसयूआई के छात्र, कार्यकर्ताओं और कंटेंट क्रिएटर्स ने अपने साथ घटनाएं बताईं। एक छात्रा ने प्राइवेट पार्ट पर लात मारने का आरोप लगाया, जबकि डीयू की छात्रा अदिरा ने दावा किया कि पुलिस की पिटाई से उसके एक कान से सुनने की क्षमता चली गई। अन्य प्रदर्शनकारी ने आरोप लगाया कि पुलिस संघ और भाजपा से जुड़े लोगों के कहने पर प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले रही थी।



इंडिया गेट पहुंचे राहुल गांधी, अंकिता भंडारी के माता-पिता के प्रति समर्थन जताया

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी बुधवार को इंडिया गेट पहुंचे और अंकिता भंडारी के माता-पिता के प्रति समर्थन जताया। उत्तराखंड के बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड में कथित रूप से जुड़े एक 'वीआईपी' की राजनीतिक नियुक्ति के विरोध में पीड़िता के माता-पिता धरने पर बैठे हैं। अंकिता के माता-पिता इस हत्या मामले से संबंधित कथित 'वीआईपी' की भूमिका को लेकर सवाल उठाते रहे हैं और मामले की निष्पक्ष जांच तथा जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग कर रहे हैं। ऋषिकेश के निकट वनंत्रा रिजॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट के तौर पर काम करने वाली 19 वर्षीय अंकिता की 18 सितंबर 2022 को हत्या कर दी गई थी।

अमेठी: राकेश, अभय और विनोद भाजपा में शामिल

अमेठी। गौरीगंज से लगातार तीन बार समाजवादी पार्टी के विधायक रहे राकेश प्रताप सिंह भाजपा में शामिल हो गए। उनके साथ अयोध्या की गोसाईगंज सीट से विधायक अभय सिंह और जालौन की कालपी सीट से विधायक विनोद चतुर्वेदी ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। गौरीगंज में जामो रोड स्थित राकेश के आवास मंगलम पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और राष्ट्रीय महामंत्री स्मृति ईरानी ने तीनों विधायकों को पार्टी की सदस्यता दिलाई।



अंबानी ने जामनगर को दुनिया के एनर्जी मैप पर कैसे पहुंचाया

तीन पीढ़ियां, एक सपना

एजेंसी ▶▶ जामनगर



एक शानदार कंपनी बनाना मुश्किल काम है। किसी कंपनी की कमान संभालना और उसे और भी बड़ा बनाना, एक अलग तरह की चुनौती है।जब 2002 में धीरूभाई अंबानी का निधन हुआ, तब तक रिलायंस भारत के सबसे अहम इंडस्ट्रियल ग्रुप्स में से एक बन चुका था। कई लोगों को उम्मीद थी कि उनके उत्तराधिकारी सिर्फ़ उस चीज़ को संभालकर रखेंगे जो पहले से बनी हुई है। लेकिन मुकेश अंबानी ने एक बड़ा काम चुनाः अपने पिता की 'बड़ा सोचने', 'मांग से पहले निवेश करने' और 'पूरे सेक्टर को नए सिरे से आकार देने' की सोच को आगे बढ़ाना। यह महत्वाकांक्षा सौराष्ट्र के तट पर सबसे साफ़ तौर पर दिखाई देती है। मुकेश अंबानी की लीडरशिप में, जामनगर दुनिया का सबसे बड़ा सिंगल-साइट रिफाइनिंग कॉम्प्लेक्स बन गया, जहाँ भारतीय इंजीनियरिंग ग्लोबल लेवल पर काम करती है और जहाँ ऐसी एनर्जी प्रोसेस की जाती है जो कई महाद्वीपों के बाज़ारों को चलाती है। गुजरात के लिए, जामनगर सिर्फ़ एक इंडस्ट्रियल जगह से कहीं ज़्यादा है। इसने इन्वेस्टमेंट, नौकरियां, स्किल्स और सप्लायर्स व सर्विस प्रोवाइडर्स का एक इकोसिस्टम तैयार किया है, और राज्य को दुनिया के एनर्जी मैप पर मज़बूती से स्थापित किया है। आज, इसी इलाके में धीरूभाई अंबानी ग्रीन एनर्जी गीगा कॉम्प्लेक्स है, जो भविष्य की एनर्जी की दिशा में रिलायंस का एक कदम है। फ़ैक्ट्री से लेकर परिवार के घर तकनरोदा की टेक्सटाइल मिल ने रिलायंस को भारतीय घरों में एक जाना-पहचाना नाम बना दिया था। मुकेश ने जुड़ाव को और आगे बढ़ाया। रिलायंस रिटेल ने बड़े शहरों और छोटे कस्बों, दोनों जगह ऑर्गनाइज्ड शॉपिंग की सुविधा पहुंचाई। मीडिया और एंटरटेनमेंट, डिजिटल सर्विसेज़ और फिर टेलीकम्युनिकेशन के क्षेत्र में भी कंपनी ने कदम रखा।

'हमारे मामा टीटी हैं' कहकर ठगने वाले पांच गिरफ्तार

हरिद्वार। ट्रेन से घर लौट रहे पश्चिम बंगाल के दो मजदूरों को शातिर ठग गिरोह ने अपना शिकार बना डाला। आरोपितों ने टीटी को अपना मामा बताया और कुंभ एक्सप्रेस में एसी थर्ड क्लास का कन्फर्म टिकट दिलाने का झांसा दिया। इसके बाद मोबाइल फोन, नकदी और सामान से भरा बैग लेकर गायब हो गए।

■ कंफर्म टिकट का देते थे झांसा

यूपीआइ के माध्यम से बैंक खाते से 90 हजार से अधिक की रकम भी निकाल गई। मुकदमा दर्ज कर जीआरपी की टीम गिरोह की तलाश में जुट गई है। रेलवे पुलिस के मुताबिक, पश्चिम बंगाल के बर्धमान जिले के रहने वाले बिस्वजीत सोरेन और रंजीत कोरा हरिद्वार में मजदूरी करते हैं। आरोपियों के कब्जे से पश्चिम बंगाल के दो यात्रियों से ठगी गई रकम में से 25 हजार, मोबाइल फोन बरामद किया है। 50 हजार की रकम फ्रीज कराई है। आरोपी सौरभ, सुमित, कृष्ण कुमार, जितेंद्र चौधरी व बंटी कुमार को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है। एसपी अरुणा भारती ने पुलिस टीम को ढाई हजार इनाम की घोषणा की है।

रक्षा सूचना लीक के आरोप में सीबीआई ने सीईओ को पकड़ा

